# झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पूर्वी सिंहभूम
JHARKHAND EDUCATION PROJECT, EAST SINGHBHUM
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
STOCKING ROAD, INFRONT OF BLOOD BANK, C.H. AREA, BISTUPUR, JAMSHEDPUR-831001
Phone: 0657-2434533, 2425517 Fax-0657-2224155 E-mail: jepcesm@gmail.com


Letter No. 584 Date 08/04/26

प्रेषक

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

सेवा में,

प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्र0अ0 / वार्डेन,

1. DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, B.P.M. BURMAMINES, JAMSHEDPUR
2. CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, SAKCHI, JAMSHEDPUR
3. KGBV CM SCHOOL OF EXCELLENCE, JAMSHEDPUR

पूर्वी सिंहभूम।

विषय : **मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय हेतु सत्र 2026–27 में आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से नामांकन हेतु प्रथम औपबंधिक मेरिट लिस्ट उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय ज्ञापांक 526 दिनांक 25.03.2026 द्वारा गठित जिला स्तरीय स्क्रूटनी समिति द्वारा दिनांक 06.04.2026 के बैठक में अनुमोदित प्रथम औपबंधिक मेरिट लिस्ट पत्र के साथ संलग्न कर नामांकन हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यालयवार विवरणी निम्नवत है–

| BLOCK | UDISE CODE | NAME OF SCHOOL | CLASS | Total Selected 1st Merit List |
|---|---|---|---|---|
| GOLMURI-CUM-JUGSALAI | 20180317038 | CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, SAKCHI, JAMSHEDPUR | VI | 80 |
| | | | VII | 1 |
| | | | VIII | 1 |
| | | | IX | 3 |
| | | | **TOTAL** | **85** |
| GOLMURI-CUM-JUGSALAI | 20180316704 | KGBV CM SCHOOL OF EXCELLENCE, JAMSHEDPUR | VI | 25 |
| | | | VII | 1 |
| | | | VIII | 1 |
| | | | **TOTAL** | **27** |
| GOLMURI-CUM-JUGSALAI | 20180319102 | DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, B.P.M. BURMAMINES, JAMSHEDPUR. | VI | 40 |
| | | | VII | 40 |
| | | | VIII | 40 |
| | | | IX | 120 |
| | | | **TOTAL** | **240** |
| **GRAND TOTAL** | | | | **352** |

नामांकन के क्रम में निम्नांकित का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय–

- संलग्न सूची को विद्यालय के वेबसाईट पर 24 घंटे के अंदर अपलोड किया जाय।
- सभी संबंधित अभिभावकों को आज ही विद्यालय द्वारा दूरभाष पर संपर्क कर सूचना उपलब्ध करायी जाय।
- प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित छात्र–छात्राओं का नामांकन के लिए यह औपबंधिक सूची है, केवल सूची में नाम होने से उनका अंतिम चयन नहीं माना जाएगा।
- नामांकन हेतु राज्य स्तरीय दिशा निदेश के आलोक में सभी वांछित दस्तावेज प्राप्त किये जाने हैं।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पूर्वी सिंहभूम
JHARKHAND EDUCATION PROJECT, EAST SINGHBHUM
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
STOCKING ROAD, INFRONT OF BLOOD BANK, C.H. AREA, BISTUPUR, JAMSHEDPUR-831001
Phone: 0657-2434533, 2425517 Fax-0657-2224155 E-mail: jepcesm@gmail.com

Letter No. Date.

- सभी अभिभावकों से नोटरी के माध्यम से शपथ पत्र प्राप्त किया जाना है जिसमें उनके द्वारा सत्यापित किया जाएगा कि–

  1. उनके द्वारा घोषित आरक्षण कोटि सत्य है एवं उनके द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

  2. EWS श्रेणी के संदर्भ में अभिभावक घोषणा करेंगे कि उनकी वार्षिक आय (8 लाख से कम) एवं अन्य परिसंपत्ति नियमानुसार सरकार द्वारा घोषित दिशा–निदेश के अनुसार वे EWS के पात्र हैं तथा उनके द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

  3. जॉच के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर विद्यालय को नामांकन रद्द करने का अधिकार होगा, जो उन्हें मान्य होगा।

- सूची में संलग्न छात्र–छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर 03 दिनों के अन्दर नामांकन सुनिश्चित करायेंगे।

- प्रथम औपबंधिक मेरिट लिस्ट के अनुसार 01 सप्ताह तक चयनित अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु विद्यालय स्तर से संपर्क किया जाना है। तदोपरांत यह मानते हुए कि संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन लेने में अभिरुचि नहीं दर्शाने के कारण जिस कोटि के अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं लिया गया है, उक्त कक्षा तथा कोटि के अभ्यर्थी की प्रतीक्षा सूची से नाम उपलब्ध कराने हेतु संबंधित विद्यालय के द्वारा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनुरोध पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके आधार पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय स्तर से द्वितीय औपबंधित मेरिट लिस्ट उपलब्ध करायी जायेगी।

निदेश दिया जाता है कि निर्धारित अवधि में नामांकन की प्रक्रिया सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही वर्गवार, कोटिवार रिक्त सीटों का विवरण भी उपलब्ध करायेंगे।

विश्वासभाजन,

अनु०– प्रथम औपबंधिक मेरिट लिस्ट।

8/4/26

08.04.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।